**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.01.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय कार्यालय के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहेंगी। मुख्यमंत्री व पार्टी अध्यक्ष इस दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठन को लेकर भी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का आज शाम को शिमला लौटने का कार्यक्रम है और वे कल कांगड़ा प्रवास के लिए रवाना होंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता जताते हुए इसके खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग से आगे आने का आह्वान किया है। सोलन जिले के अर्की उपमंडल के तहत शालाघाट में खेल खलाओ–नशा भगाओ की थीम पर अर्की कल्याण संस्था द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का संपूर्ण विकास होता है और वे अपने लक्ष्य को भी हासिल कर सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि नशे के विरूद्ध प्रदेश पुलिस बेहतर कार्य कर रही है लेकिन इसमें लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है।

**सेना दिवस**

77वें सेना दिवस के मौके पर आज शिमला के रिज मैदान पर  आर्मी ट्रेनिंग कमांड द्वारा "Know Your Army" कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लोगों को देश की सेना के बारे में जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम में सेना के हथियार, उपकरणों की प्रदर्शनी, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सेल्फी प्वाइंट, मिलिट्री बैंड प्रस्तुति सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा भारतीय सेना में शामिल होने की जानकारी भी युवाओं में साझा की जाएगी।

**सूर्य योजना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चंबा जिला के सात राजस्व गांवों को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि चिन्हित किए गए सात गांव में से सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करने के बाद एक जिला स्तरीय समिति की ओर से सोलर मॉडल गांव चिन्हित किया जाएगा, जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से एक करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता का प्रावधान भी किया गया है।

**फोक फैस्टिवल**

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित हिमालयन फोक फैस्टिवल में चंबा को शानदार प्रदर्शन के लिए तीसरा स्थान मिला है। नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से चलो चंबा अभियान के तहत फैस्टिवल में लोगों को चंबा की संस्कृति देखने को मिली। पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिला के लोक गायक सन्नू राम ने कहा कि विश्व स्तरीय इस फैस्टिवल में उन्हें अपनी कला व संस्कृति को गीतों के माध्यम से देश–विदेश के लोगों को बताने का मौका मिला है।

**एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है **पेंशनरों को एरियर जारी, पीडब्ल्यूडी व जलशक्ति में बिलों का भुगतान जल्द।** दैनिक जागरण का शीर्षक है **लोक निर्माण व जलशक्ति विभाग लंबित बिलों का करें भुगतान** जबकि दिव्य हिमाचल लिखता है **घाटे के रूट होंगे क्लब।** सरकार वनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध शीर्षक से मुख्यमंत्री के बयान को आपका फैसला व हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता दी है।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **पहाड़ों में फिर डब्ल्यूडी एक्टिव, एक हफ्ते बर्फबारी–बारिश के आसार, ठिठुरन बढ़ेगी।**